प्रेस नोट दिनांक 25.04.2026 जनपद प्रतापगढ़

प्रेस नोट दिनांक- 25.04.2026
थाना मानिकपुर, जनपद- प्रतापगढ़

थाना मानिकपुर पुलिस द्वारा पुलिस अभिरक्षा से फरार अभियुक्त मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार, दोनो पैर में लगी गोली।

एसआरएन अस्पताल प्रयागराज से फरार अभियुक्त मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार।

फरार अभियुक्त ने पुलिस पर की फायरिंग, जवाबी कार्रवाई में दोनो पैर में लगी गोली।

पुलिस मुठभेड़ में फरार अभियुक्त घायल, अवैध असलहा बरामद

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 25.04.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) श्री बृजनन्दन राय एवं क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अमरनाथ गुप्ता के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी मानिकपुर श्री नरेन्द्र सिंह मय पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में गश्त/चेकिंग एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी।

इसी दौरान ग्राम करेंटी क्षेत्र में मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति, जो पुलिस अभिरक्षा से फरार है तथा अवैध असलाह से लैस है, शहजादपुर (जनपद कौशाम्बी) की ओर से करेंटी गंगा नदी पुल होते हुए अपने वकील से मिलने आ रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम करेंटी तिराहे के पास सघन चेकिंग की जा रही थी, तभी एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया, जिसे पुलिस द्वारा रुकने का इशारा किया गया तो वह पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने लगा। पुलिस द्वारा अभियुक्त को आत्मसमर्पण हेतु कहा गया, किन्तु अभियुक्त द्वारा पुनः फायरिंग की गई। जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गई, जिसमें अभियुक्त घायल होकर गिर पड़ा। मौके पर जाकर देखा गया तो अभियुक्त के दोनों पैरों में गोली लगी थी।

पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम जलालुद्दीन उर्फ डब्बू पुत्र मोहिउद्दीन निवासी नई बाजार रहवई थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़, उम्र करीब 50 वर्ष बताया। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा देशी 315 बोर, 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर एवं 01 अदद खोखा कारतूस बरामद किया गया।

अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि उसके विरुद्ध थाना मानिकपुर पर मु0अ0सं0 87/2026 धारा 65(2) बीएनएस व 5M/6 पॉक्सो एक्ट का अभियोग पंजीकृत है, जिसमें उसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था, किन्तु वह दिनांक 21.04.2026 को एसआरएन प्रयागराज से उपचार के दौरान फरार हो गया था। इस संबंध में थाना कोतवाली नगर, कमिश्नरेट प्रयागराज में मु0अ0सं0 38/2026 धारा 261/262 बीएनएस पंजीकृत है।

घायल अभियुक्त को तत्काल प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी कालाकांकर भेजा गया, जहां से चिकित्सकों द्वारा बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल प्रतापगढ़ रेफर किया गया। अभियुक्त की स्थिति खतरे से बाहर है। प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है। मौके पर शांति एवं कानून-व्यवस्था पूर्णतः सामान्य है।

पुलिस टीम-

प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह मय हमराह का0 काशी राजभर, का0 शिवशंकर यादव, म0का0 किरन बिन्द, उ0नि0 अमित कुमार सिंह, उ0नि0 उमेश प्रताप सिंह, उ0नि0 अचिन्त्य शुक्ल, का0 संदीप पटेल, का0 भीमराव, का0 दर्वेश कुमार, का0 रामलखन, का0 नरेन्द्र यादव, का0 हरवीर सिंह, का0 ध्यानचन्द, का0 राजेश पाल, चालक हे0का0 अमित कुमार सिंह थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़।